SI. No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – **25**

No. of Printed Pages – **04**

E-हिन्दी

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा, मॉडल पेपर-1

PRARAMBHIK SHIKSHA PURNATA PRAMAN-PATRA PARIKSHA, MODEL PAPER-1

कक्षा – 8

हिन्दी

HINDI

समय : 2.30 घण्टे] **[पूर्णांक : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश–

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

(2) प्रश्न-पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं।

(3) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

(4) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(5) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

(6) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें।

(7) प्रश्न संख्या 9 से 14 का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में दीजिए।

(8) प्रश्न संख्या 15 से 21 का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए।

(9) प्रश्न संख्या 22 से 25 का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दीजिए।

निर्देश : सही उत्तर का चयन कीजिए:

1. 'समर्पण' कविता में थाल में भाल सजाकर लाने की बात कही है– 1

(क) प्राप्ति के लिए (ख) स्वार्थ के लिए

(ग) शील के लिए (द) समर्पण के लिए

2. सुभागी ने संभाल रखा था– 1

(क) व्यापार का सारा काम (ख) घर का सारा काम

(ग) समाज का सारा काम (घ) गाँव का सारा काम

Scanned by CamScanner

3. रणथंभौर में लेखक के मन में क्या देखने की तीव्र उत्कंठा हुई ?

(क) हाथी पार्क (ख) निर्भय आवरण

(ग) बाघ अभ्यारण्य (घ) जंगल

4. सुदामा के मित्र कौन थे ?

(क) रामचंद्र (ख) श्रीकृष्ण

(ग) राजा बलि (घ) तुलसीदास

5. हल्दीघाटी का युद्ध किन-किन के बीच हुआ था—

(क) श्रीराम-रावण के बीच में (ख) श्रीकृष्ण-महाराणा प्रताप के बीच में

(ग) महाराणा प्रताप-अकबर के बीच में (घ) राणा सांगा-अकबर के बीच में

6. संत कँवरराम अपना गुजारा करते थे—

(क) भिक्षा से (ख) भजन से

(ग) चने बेचकर (घ) परिश्रम करके

7. निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा है—

(क) पानी (ख) शिक्षक

(ग) कक्षा (घ) मिट्टी

8. 'मोहिनी ने निबंध लिखा' वाक्य है—

(क) सकर्मक क्रिया का (ख) अकर्मक क्रिया का

(ग) द्विकर्मक क्रिया का (घ) अपूर्ण क्रिया का

प्रश्न	1	2	3	4	5	6	7	8
उत्तर								

निर्देश : अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

9. 'हुंकार की कलंगी' पाठ में घायलों में पुरुष वेश में कौन स्त्री थी ?

10. 'हमारी भी सुनो' पाठ में किस-किसके विरुद्ध शिकायत की गई है ?

11. कौरवों ने पांडवों को कायर क्यों समझा ?

12. कुंडलियों के आधार पर मनुष्य को दौलत पाकर क्या न करने की सलाह दी गई ?

13. 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए।

Scanned by CamScanner

अथवा

विष, सोना, सिंह के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

14. 'इक' प्रत्यय का प्रयोग कर चार शब्द बनाइए।

अथवा

'प्रति' उपसर्ग का प्रयोग कर चार शब्द बनाइए।

निर्देश : लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. 'शक्ति और क्षमा' कविता का मुख्य संदेश क्या है? विस्तार से लिखिए। 4

16. 'हमारी भी सुनों' पाठ में बिजली बचाने के कौन-कौन से तरीके बताए गए हैं? 4

17. लेखक ने इला को अन्न की अधिष्ठात्री देवी तथा इल्ली को अन्न की नष्टार्थी देवी क्यों बताया है? 4

18. कवि गिरधर ने दौलत को मेहमान क्यों कहा है? समझाइए। 4

19. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग कर एक-एक वाक्य की रचना कीजिए– 4

दौलत, श्रावण, पंचायत, कविता

अथवा

इन शब्दों का प्रयोग कर वाक्य का निर्माण कीजिए–

अमानत, लड़का, कार, सरकार

20. हमें यातायात के कौन-कौन से नियमों का पालन करना चाहिए? 4

21. 'पर्दा प्रथा' स्त्री के लिए किस तरह उचित है या अनुचित है? अपने विचार लिखिए। 4

निर्देश : निबंधात्मक प्रश्न

22. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

आज भी गाय हमारी अर्थव्यवस्था का आधार सिद्ध हो सकती है। गोपालन से परिवार का भरण-पोषण का अधिकांश गुजारा गोधन से प्राप्त दूध, दही, छाछ जैसे पोषक पदार्थों से हो जाता है। खेती में सहायक बैल सामान ढोने में सहायक बन, महँगे पेट्रोलियम पदार्थों से मुक्त ग्रामीण पर्यावरण में संतुलन भी बनाते हैं। गोधन का गोबर ईंधन बचाने व उर्जा उत्पादन कर आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाता है। गोपालक की दिनचर्या अनुशासन के धागे में ऐसी पिरोयी जाती है कि वह स्वस्थ जीवन को संबलन प्रदान करती है। गोमय और उससे प्राप्त मिथेन गैस का उपयोग भोजन बनाने में हो सकता है।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ब) गाय से प्राप्त दूध से कौन-कौन से पदार्थ बनते हैं? 2

(स) सामान ढोने में कौन-सा जानवर सहायक बनता है? 2

(द) भोजन बनाने में कौन-सी गैस का उपयोग किया जाता है ? 2

Scanned by CamScanner

23. निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 8

पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक हो मेरे सतगुरु, किरपा करि अपनायो।
जन्म-जन्म की पूँजी पाई जग में सभी गँवायो।
खरचैं नहिं, कोई चोर न लेवै दिन-दिन बढ़त सवायो।
सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भवसागर तर आयो।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर, हरख-हरख जस गायो।

अथवा

धरती जागी, आकाश जगा
वह जागा तो मेवाड़ जगा,
वह गरजा, गरजी दसों दिशा
था पवन रह गया ठगा-ठगा।
हर मन पर था उसका शासन
पत्थर-पत्थर था सिंहासन।।

24. ग्राहक एवं दुकानदार के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए 8

अथवा

आप अजमेर निवासी रामप्रसाद हैं। अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक महोदय को अपनी माँ की बीमारी के बारे में बताते हुए चार दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

25. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 160 शब्दों में निबंध लिखिए— 8

(क) मेक इन इंडिया
(ख) राजस्थान के लोकगीत
(ग) विद्यार्थी जीवन और खेलकूद
(घ) राष्ट्रीय एकता और अखण्डता

अथवा

निम्नलिखित में किसी एक पात्र समूह को आधार मानकर 150 शब्दों में कहानी लिखिए—

(क) हंस और कछुआ
(ख) एकलव्य एवं द्रोणाचार्य
(ग) कबूतर और बहेलिया
(घ) राम और रावण

Scanned by CamScanner